Department of Environmental Conservation

मई 2017

# तथ्य पत्रक

## ब्राउनफ़ील्ड सफाई कार्यक्रम
## (Brownfield Cleanup Program)

**साइट तथ्य पत्रक *ईमेल* द्वारा प्राप्त करें।**
कैसे करें का तरीका जानने हेतु "अधिक जानकारी के लिए" अनुभाग देखें।

कोई प्रश्न है?
नीचे
"किससे संपर्क करें"
देखें

**साइट नाम:** Former Hygrade Polishing and Plating Co**.**
**DEC साइट #:** C241148
**पता:** 22-07 41st Avenue
Long Island City, NY 11101

## प्र प्रस्तावित अंतरिम उपचारात्मक उपाय
## सार्वजनिक टिप्पणी की अवधि की घोषणा

न्यू यॉर्क स्टेट डिपार्टमेन्ट ऑफ एनवायरमेंटल कंज़र्वेशन (NYSDEC) (New York State Department of Environmental Conservation, NYSDEC) 22-07 41st Avenue, Long Island City, NY। में स्थित पूर्व हाईग्रेड पॉलिश एंड प्लेटिंग कं. (Hygrade Polishing and Plating Co.) साइट ("साइट") के लिए शीघ्र सफाई का प्रस्ताव कर रहा है। कृपया साइट स्थान के लिए मानचित्र देखें। इस साइट की सफाई से संबंधित दस्तावेज़ "जानकारी कहां ढूंढें" के नीचे दिए गए स्थान(नों) पर प्राप्त किये जा सकते हैं।

NYSDEC एक सार्वजनिक टिप्पणी की अवधि का आयोजन करने जा रहा है क्योंकि इस अंतरिम उपचारात्मक उपाय (IRM) द्वारा इस साइट की सफाई के महत्वपूर्ण हिस्से का प्रतिनिधित्व करने की संभावना है।

पर्यावरण और स्वास्थ्य मूल्यांकन सारांशों सहित अतिरिक्त साइट विवरण, NYSDEC की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं:

http://www.dec.ny.gov/cfmx/extapps/derexternal/haz/details.cfm?pageid=3&progno=C241148

**टिप्पणी कैसे करें**

NYSDEC प्रस्तावित IRM कार्य योजना के बारे में लिखित टिप्पणियों को 30 दिनों के लिए 24 मई 2017 से 23 जून 2017 तक स्वीकार कर रहा है। प्रस्तावित योजना की समीक्षा करने के लिए "जानकारी कहां ढूंढें" के नीचे दिए गए स्थान(नों) पर उपलब्ध है। कृपया टिप्पणियां "किससे संपर्क करें" में प्रोजेक्ट संबंधित प्रश्नों के तहत सूचीबद्ध NYSDEC प्रोजेक्ट मैनेजर को सबमिट करें।

**अंतरिम उपचारात्मक उपाय कार्य योजना का ड्राफ़्ट**

IRM एक सफाई संबंधित गतिविधि है जिसमें किसी दूषित या जोखिम वाले मार्ग (वह मार्ग जिसमें कोई व्यक्ति प्रदूषण के संपर्क में आ सकता है) के स्रोत की बिना किसी व्यापक जांच और परीक्षण के प्रभावी ढंग से सफाई

की जा सकती है।

ड्राफ़्ट IRM कार्य योजना प्रस्तावित सफाई गतिविधियों का वर्णन करती है जिसमें निम्न शामिल हैं:

1. वोलेटाइल ऑर्गेनिक कंपाउंड (VOC) का निपटान करने के लिए बिल्डिंग बेसमेंट के नीचे के भूजल में केमिकल डालना; और
2. दूषित मिट्टी के कणों को उड़कर बिल्डिंग में प्रवेश करने से रोकने के लिए सब-स्लैब डिप्रेशराइज़ेशन प्रणाली लगाना।

*जांच का सारांश*

2016 की शुरूआत में उपचारात्मक जांच के शुरूआती चरण के एक भाग के रूप में मिट्टी, भूजल और मिट्टी के कण के नमूने एकत्र किए गए थे। साइट पर दूषित पदार्थों में VOC (मुख्य रूप से टेट्राक्लोरोएथेन (PCE) और ट्राइक्लोरोएथेन (TCE)) और कई धातुओं (कैडमियम और क्रोमियम) शामिल हैं।

बेसमेंट के तल के नीचे से एकत्र किए गए मिट्टी के नमूनों ने अप्रतिबंधित उपयोग मानदंडों के अतिरिक्त VOC या धातुओं की सांद्रता प्रदर्शित नहीं की।

दोनों PCE और TCE की सांद्रता भवनों के नीचे से एकत्र भूजल में उनसे संबंधित मानकों (5 भागों प्रति अरब (ppb)) से अधिक पाए गए। कैडमियम और क्रोमियम की सांद्रताएँ भी क्रमशः 5 ppb और 50 ppb के उनके भूजल मानकों से अधिक पाई गई थी।

बेसमेंट के नीचे से प्राप्त मिट्टी के कणों के नमूनों में TCE की बढ़ी हुई सांद्रताएँ हैं।

**अगला चरण**

NYSDEC सार्वजनिक टिप्पणियों पर विचार करेगा, योजना में आवश्यकतानुसार बदलाव करेगा, और न्यू यॉर्क स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ (NYSDOH) (New York State Department of Health, NYSDOH) के परामर्श से IRM कार्य योजना को मंजूरी देगा। स्वीकृत कार्य योजना आम लोगों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी (नीचे "जानकारी कहां ढूंढें" देखें)। कार्य योजना स्वीकृत होने के बाद, कार्य योजना में विस्तारपूर्वक दी गई गतिविधियों को लागू किया गया जाएगा। कार्य पूरा होने के बाद, एक निर्माण पूर्णता रिपोर्ट तैयार की जाएगी जो कि किए गए कार्यों को दस्तावेज़ीकृत करती है।

NYSDEC साइट की जांच और सफाई की संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान आम लोगों को जानकारी देती रहेगी।

**बैकग्राउंड**

स्थान:

साइट क्वींस काउंटी के लांग आइलैंड भाग में स्थित है। यह साइट 22 वीं और 23 वीं स्ट्रीट्स के बीच 41st Avenue के उत्तर की ओर स्थित है।

साइट की विशेषताएं:

यह साइट आकार में लगभग 2,500 वर्ग फ़ीट हैं और यह पूरी तरह से बेसमेंट वाली 4 मंजिला पक्की इमारतों से घिरी हुई है। साइट के पश्चिमी भाग में बाजू में स्थित एक बड़ा भूभाग पर बहु-मंजिला होटल बनाया जा रहा है।

साइट के पूर्व भाग में बाज़ू में स्थित भूमि पर एक पार्किंग क्षेत्र और बहु-मंजिला वाणिज्यिक बिल्डिंग है। मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी (Metropolitan Transportation Authority) प्रॉपर्टी (F ट्रेन) द्वारा सीधे साइट के दक्षिणी हिस्से के बगल में 41 वीं एवेन्यू तक जाती है। साइट के लगभग 1.5 ब्लॉक पश्चिम में न्यूयॉर्क सिटी हाउसिंग अथॉरिटी (NYCHA) (New York City Housing Authority) की जमीन (क्वींसब्रिज हाउसिज़) स्थित है।

वर्तमान क्षेत्रीकरण और भूमि उपयोग:
साइट का निर्माण संबंधी कार्यों के लिए क्षेत्रीकरण किया गया है। यह साइट अभी खाली है और इसमें व्यापक सुधार हो रहा है। इसके आस-पास का क्षेत्र आमतौर पर व्यापारिक उद्देश्य के लिए उपयोग होता है।

साइट का पिछला उपयोग:
इस संपत्ति पर पूर्व में 1962 से 2012 तक इलेक्ट्रोप्लेटिंग परिसर का कब्जा था। उसके बाद अगस्त 2012 में विभागीय कर्मचारियों के द्वारा की गई जांच के बाद, बिल्डिंग में कई रसायनों से भरे सड़े हुए 100-55 गैलन से अधिक ड्रम मिले हैं, जिसमें दर्जन से अधिक प्लाटिंग बाथ और बिना धुले टैंक, साथ ही भारी दाग वाली दीवारें और फर्श हैं। संपत्ति के नए मालिक ने NYC विभाग के पर्यावरण सुरक्षा आयुक्तों (Department of Environmental Protection Commissioners) के आदेश के अनुसार सीमित सफाई का काम शुरू किया था। यह कार्य अप्रैल 2013 में शुरू हुआ था और इसमें निम्न काम किए जाने थे: (a) सभी प्लाटिंग बाथ और टैंकों को खाली करना और हटाना, (b) सभी 55 गैलन ड्रमों को हटाना और (c) पूरी तरह से खराब फर्श निकालना और दीवारों को साफ करना। यह कार्य जून 2013 में पूरा हो गया था।

साइट जियोलॉजी और हाइड्रोजियोलॉजी:
मिट्टी में एक अनिश्चित मोटाई की गादभरी मिट्टी की एक परत के बाद ग्रेड से नीचे लगभग 10 फीट तक मध्यम से सूक्ष्म आकार की रेत होती है। भूजल ग्रेड से करीब 13 फ़ीट नीचे पाया गया। भूजन प्रवाह की दिशा स्थानीय से निर्धारित नहीं हो सकी थी, लेकिन ईस्ट नदी की ओर की दिशा में पश्चिम में होने की संभावना थी।

**ब्राउनफ़ील्ड सफाई कार्यक्रम:** न्यूयार्क का ब्राउनफ़ील्ड सफाई कार्यक्रम (BCP) (Brownfield Cleanup Program, BCP) ब्राउनफ़ील्ड के नाम से जानी जाने वाली दूषित संपत्तियों की स्वैच्छिक सफाई के लिए प्रेरित करता है ताकि उनका फिर से उपयोग और पुन: विकसित किया जा सके। इन उपयोगों में मनोरंजन, आवास, व्यवसाय या अन्य उपयोग शामिल हैं।

ब्राउनफ़ील्ड ऐसी कोई भी संपत्ति हो सकती है जहां प्रदूषण का स्तर DEC द्वारा अपनाए मिट्टी की सफाई के लक्ष्य या अन्य स्वास्थ्य-आधारित या पर्यावरणीय मानकों, मापदंडों या दिशा-निर्देश के स्तर से अधिक होता है, जो कि लागू नियमों के अनुसार संपत्ति के उचित अनुमान के उपयोग के आधार पर लागू होते हैं।

BCP के बारे में अधिक जानकारी के लिए, यहां जाएं: http://www.dec.ny.gov/chemical/8450.html

**अधिक जानकारी के लिए**

**जानकारी कहां ढूंढें**
आम लोगों को सूचित रखने में मदद के लिए प्रोजेक्ट संबंधित दस्तावेज़ निम्न स्थान पर उपलब्ध हैं।

Queens Community Board 1
प्रेक्षक: Florence Koulouris
45-02 Ditmars Boulevard, LL Suite 125
Astoria, NY 11105
फ़ोन: (718) 626-1021
ई-मेल: qn01@cb.nyc.gov

Queens Library, Long Island City Branch
प्रेक्षक: Tienya Smith
37-44 21st Street
Long Island City, NY 11101
फ़ोन: (718) 752-3700
ई-मेल: tsmith@queenslibrary.org

**किससे संपर्क करें**

टिप्पणियों और प्रश्नों का हम हमेशा स्वागत करते हैं और निम्न को भेजे जाने चाहिए:

<u>प्रोजेक्ट संबंधित प्रश्न</u>
David Harrington
New York State Department of
Environmental Conservation
Division of Environmental Remediation
625 Broadway, 12th Floor
Albany, NY 12233-7016
फ़ोन: (518) 402-9768
ई-मेल: david.harrington@dec.ny.gov

<u>साइट से संबंधित स्वास्थ्य प्रश्न</u>
Dawn Hettrick
New York State Department of Health
Empire State Plaza Corning Tower Room 1787
Albany, NY 12237
फ़ोन: (518) 402-7860
ई-मेल: BEEI@health.ny.gov

**हम आपको इस तथ्य पत्रक को पड़ोसियों और किराएदारों के साथ शेयर करने के लिए और/या अपनी बिल्डिंग के प्रमुख क्षेत्रों में इस तथ्य पत्रक को पोस्ट करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं ताकि अन्य लोग इसे देख सके।**

**साइट तथ्य पत्रक ईमेल के द्वारा प्राप्त करें**



साइट जानकारी जैसे कि इस तथ्य पत्रक को आपके ईमेल इनबॉक्स में भेजा गया है। NYSDEC आपको एक या अधिक दूषित साइटों के साथ साइन अप करने के लिए आमंत्रित करता है काउंटी ईमेल लिस्टसर्व निम्न वेब पेज पर उपलब्ध हैं: http://www.dec.ny.gov/chemical/61092.html। यह तेज और निःशुल्क है, और *आपको पूरी तरह से सूचित* रखेगी।

लिस्टसर्व के सदस्य के रूप में, आप अपने द्वारा चयनित काउंटी में सभी दूषित साइटों के बारे में समय-समय पर साइट से संबंधित जानकारी/घोषणाएं प्राप्त करेंगे।

नोट: अगर आपने पहले ही साइन अप कर लिया है और इस तथ्य पत्रक को इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त किया है तो कृपया इसे अनदेखा करें।


site location
40th Ave
12th St
22nd St
23rd St
24th St
Crescent St
21st St
Queensbridge Park Greenway
Queensboro Bridge Path
Queens Plaza S
Queens Plaz
Queensboro Bridge Greenway
25
© 2016 Google
Google earth
feet
1000
meters
300